रा.इ.सू.प्रौ.सं
NIELIT

# राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (रा.इ.सू.प्रौ.सं.)
**National Institute of Electronics and Information Technology (NIELIT)**
**(An ISO 9001: 2015 Certified Organisation)**
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Electronics and Information Technology, Government of India

संदर्भ सं.: एनएचक्यू-12023/12/2025-नाइलिट(ई:3154691)/723 दिनांक; 14 अक्टूबर, 2025

## कार्यालय आदेश

श्री अनुराग शुक्ला को दिनांक: 07.05.2010 के कार्यालय आदेश सं. DOEACC/SHL/Est-1/03/2K9/11 के जरिए नाइलिट केंद्र, शिलांग में वरिष्ठ तकनीकी सहायक के पद पर दिनांक: 04.05.2010 से पाँच वर्ष की अवधि के लिए सावधि अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया गया था। उस समय से ही उनके अनुबंध की अवधि को हर छह माह आगे बढ़ाया जाता रहा है।

नाइलिट में श्री अनुराग शुक्ला, वरिष्ठ तकनीकी सहायक की दिनांक: 04.05.2010 से पद पर मूल/ स्थायी क्षमता के आधार पर नियुक्ति से संबंधित मामले की इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के परामर्श से जाँच की गई है तथा अध्यक्ष, शासी परिषद द्वारा प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया है।

उपर्युक्त तथ्यों के दृष्टिगत रखते हुए, श्री अनुराग शुक्ला को दिनांक: 12.04.2010 के नियुक्ति प्रस्ताव के अनुसरण में दिनांक: 04.05.2010 अर्थात् उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नाइलिट में मूल/ स्थायी क्षमता पर नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

उनकी नियुक्ति संबंधी अन्य नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। श्री शुक्ला, वरिष्ठ तकनीकी सहायक के रूप में अपनी नियुक्ति के अनुसरण में नाइलिट के सेवा नियमों के तहत परिणामी लाभ लेने के भी पात्र होंगे।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

संजय
14/10/2025

**[डॉ. एस.के. धुरंधर]**
**कुलसचिव**

प्रतिलिपि:

i) श्री अनुराग शुक्ला, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, नाइलिट मुख्यालय
ii) निदेशक, नाइलिट केंद्र, शिलांग
iii) समस्त स्कंध प्रमुख, नाइलिट मुख्यालय
iv) का. व प्रशा. तथा वित्त स्कंध, नाइलिट मुख्यालय
v) वेबमास्टर, नाइलिट मुख्यालय- नाइलिट की वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।
vi) गार्ड फ़ाइल